## खास खबरें

### 14 वर्षीय किशोरी रहस्यमय परिस्थितियों में लापता

**नप्र, भोपाल :** शाहपुरा थाना क्षेत्र के लक्ष्मण नगर निवासी कृष्णा ढाकसे ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि उनकी 14 वर्षीय पुत्री, 12 जून को घर से बिना बताए कहीं चली गई। परिजनों ने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आसपास के क्षेत्रों में भी जांच कर रही है।

### इंडस चौराहे से मोटरसाइकिल चोरी

शाहपुरा थाना क्षेत्र के इंडस चौराहे बावड़िया से तेज बहादुर यादव की हीरो होंडा मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पीड़ित ने बताया कि उसने वाहन खड़ा किया था, लेकिन कुछ समय बाद लौटने पर बाइक वहां नहीं मिली। काफी तलाश के बाद भी कोई सुराग नहीं मिलने पर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है।

### बीडीए कॉलोनी से स्कूटी चोरी

मिसरोद थाना क्षेत्र की बीडीए कॉलोनी सलैया में रहने वाली हर्षिता श्रीवास्तव की स्कूटी घर के पास से चोरी हो गई। पीड़िता ने बताया कि उसने स्कूटी खड़ी की थी, लेकिन बाद में वाहन गायब मिला। अज्ञात आरोपी वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चोरी गई स्कूटी की कीमत लगभग 40 हजार रुपये बताई गई है।

### घर के बाहर से बुलेट मोटरसाइकिल चोरी

मिसरोद थाना क्षेत्र के एलआईजी-142 बीडीए कॉलोनी सलैया में रहने वाले हरीष पंचवानी की बुलेट मोटरसाइकिल चोरी हो गई। वाहन घर के बाहर खड़ा था, जिसे अज्ञात बदमाश चुरा ले गए। सुबह वाहन नहीं मिलने पर पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बाइक की कीमत करीब 75 हजार रुपये बताई गई है।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से दुर्घटना

एमपी नगर थाना क्षेत्र के निर्वाचन आयोग तिराहे के पास एक कार चालक की लापरवाही से सड़क दुर्घटना हो गई। शिकायतकर्ता सीता सोनी ने बताया कि तेज गति से चल रही कार ने टक्कर मार दी। घटना में घायल को चोटें आई हैं। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कार चालक की लापरवाही से हादसा

चूनाभट्टी थाना क्षेत्र में पेट्रोल पंप के पास सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता वासु उपाध्याय ने आरोप लगाया कि कार चालक ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल

निशातपुरा थाना क्षेत्र के जेल रोड करोद में अज्ञात वाहन चालक ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। घायल पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के कैमरों की मदद से फरार वाहन और चालक की तलाश कर रही है।

### टैंकर की टक्कर से घायल

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र के 11 मील बायपास पर टैंकर की टक्कर से दुर्घटना हो गई। शिकायतकर्ता तारिक मोहम्मद खान ने बताया कि टैंकर चालक की लापरवाही से हादसा हुआ। पुलिस ने टैंकर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना के बाद घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

### जिला बदर आरोपी गिरफ्तार

हनुमानगंज थाना पुलिस ने जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने वाले नासिर खान को गिरफ्तार किया है। आरोपी को मस्जिद के पास घूमते हुए पकड़ा गया। जांच में पाया गया कि आरोपी पर जिला बदर की कार्रवाई लागू थी। इसके बावजूद क्षेत्र में मौजूद रहने पर पुलिस ने उसके खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की।

### तालाब में डूबने से युवक की मौत

जहांगीराबाद क्षेत्र के 18 वर्षीय अनस कुरैशी की तालाब में डूबने से मौत हो गई। युवक को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटना की परिस्थितियों और मौत के कारणों की विस्तृत जांच कर रही है।

### सड़क हादसे के घायल ने तोड़ा दम

मुरैना निवासी 43 वर्षीय बंटी शर्मा की सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। बताया गया कि 9 जून को हुए हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के दौरान उसकी हालत बिगड़ती गई और आखिरकार उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### प्रसव के दौरान महिला की मौत

हबीबगंज थाना क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में 29 वर्षीय रक्षा यादव की प्रसव के दौरान मौत हो गई। महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां डिलीवरी के समय उसकी तबीयत बिगड़ गई। चिकित्सकों के प्रयासों के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### उपचार के दौरान बच्ची की मौत

कमला नगर क्षेत्र की आठ वर्षीय आरोही मौर्य की उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मार्च माह में मंदिर में जलने की घटना के बाद उसका इलाज चल रहा था। लंबे समय तक उपचार के बावजूद उसकी जान नहीं बच सकी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### फेसबुक पर अश्लील संदेश भेजकर दी धमकी

ऐशबाग क्षेत्र की एक युवती ने शिकायत दर्ज कराई है कि लक्ष्मण भौरासे नामक युवक फेसबुक के माध्यम से लगातार अश्लील बातें कर रहा था। विरोध करने पर आरोपी ने धमकी भी दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस सोशल मीडिया गतिविधियों की जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

# शत्रु एवं नवाबी संपत्तियों की जांच के आदेश कई महत्वपूर्ण संपत्तियां दायरे में

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भोपाल की शत्रु संपत्तियों तथा पूर्व नवाब हमीदुल्लाह खां और उनके उत्तराधिकारियों से जुड़ी संपत्तियों की जांच के लिए जिला प्रशासन ने विस्तृत आदेश जारी किए हैं।

समाजसेवी अमिताभ अग्निहोत्री द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अपर कलेक्टर सुमित कुमार पांडे ने गत 29 मई को जारी आदेश में विभिन्न राजस्व अधिकारियों को संपत्तियों की जांच कर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। जांच का आधार भारत सरकार के गृह मंत्रालय के 21 दिसंबर 2021 के पत्र तथा कलेक्टर कार्यालय के 11 जनवरी 2022 के पत्र को बनाया गया है। आदेश के तहत बैरागढ़, शहर, गोविंदपुरा, टीटी नगर और कोलार के अनुविभागीय अधिकारियों को अलग-अलग क्षेत्रों



में स्थित संपत्तियों की जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिन संपत्तियों की जांच की जानी है, उनमें नवाब हमीदुल्लाह खां एवं उनके उत्तराधिकारियों की संपत्तियां, आबिदा सुल्तान से संबंधित संपत्तियां, मैपल हाउस, नानी की कोठी (नानी की हवेली), रियाज मंजिल तथा आफताब जहां बेगम से जुड़ी संपत्तियां शामिल हैं। अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि इन संपत्तियों की वर्तमान स्थिति के साथ अब तक हुए क्रय-विक्रय और स्वामित्व परिवर्तन का पूरा विवरण दस्तावेजों सहित प्रस्तुत किया जाए।

दावा किया गया है कि जांच के दौरान पूर्व भोपाल रियासत के नवाबी परिवार से जुड़े कुछ प्रमुख नामों की संपत्तियां भी जांच के दायरे में आ सकती हैं। श्री अग्निहोत्री ने इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि व्यापक जांच से भूमि और संपत्ति संबंधी मामलों के कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं।

# इंडस्ट्रियल एरिया में टिटनेस टीकाकरण शिविर आयोजित



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** डीटीजी फाउंडेशन द्वारा गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एसोसिएशन परिसर में निःशुल्क टिटनेस टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में श्रमिकों, मशीन ऑपरेटरों, रखरखाव कर्मचारियों तथा अन्य औद्योगिक कर्मियों को निःशुल्क टिटनेस के टीके लगाए गए। आयोजन को श्रमिकों का अच्छा सहयोग मिला और 400 से अधिक लोगों ने इसका लाभ उठाया। विशेषज्ञों ने बताया कि औद्योगिक कार्यों के दौरान कर्मचारियों को चोट लगने का जोखिम अधिक रहता है, इसलिए टिटनेस से बचाव के लिए समय पर टीकाकरण आवश्यक है।

इस अवसर पर कार्यस्थल पर स्वास्थ्य एवं सुरक्षा उपायों के महत्व की भी जानकारी दी गई।

डीटीजी फाउंडेशन ने बताया कि संस्था स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण, बुजुर्गों की देखभाल और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रही है।

# जिला बदर बदमाश अवैध छुरी सहित गिरफ्तार



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** गौतम नगर थाना पुलिस ने जिला बदर आदेश का उल्लंघन कर भोपाल में मौजूद एक कुख्यात बदमाश को अवैध छुरी सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट एवं जिला बदर आदेश के उल्लंघन का मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया।

हनुमानगंज थाना क्षेत्र के काजी कैम्प निवासी नोमान उर्फ लाला (23) को पुलिस आयुक्त द्वारा मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5(क)(ख) के तहत 16 मार्च 2026 को एक वर्ष के लिए भोपाल सहित विदिशा, सीहोर, रायसेन, राजगढ़ और नर्मदापुरम जिलों की राजस्व सीमाओं से निष्कासित किया गया था। आरोपी के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी, चोरी, लूट, अवैध हथियार रखने एवं अड़ीबाजी समेत 19 आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह हनुमानगंज थाने कासूचीबद्ध गुंडा है।

### पैसों के विवाद में युवक से मारपीट

**नप्र, भोपाल :** दानापानी रोड क्षेत्र में पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। शिकायतकर्ता रविंद्र मंडल ने आरोप लगाया कि आरोपी अखिलेश अहिरवार ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस दोनों पक्षों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

### गाली-गलौज और मारपीट का मामला दर्ज

सागर रॉयल किला कॉलोनी में हुए विवाद के बाद प्रमिल कुमार यादव ने शिकायत दर्ज कराई कि हरीश चौरसिया ने गाली-गलौज कर मारपीट की और धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**निशातपुरा थाना, पुरानी रंजिश में मारपीट :** जोया कॉलोनी करोद में पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। कालूराम पंवार ने आरोप लगाया कि मनीष और विनोद ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# छात्राओं से रूबरू हुए पुलिस आयुक्त, सुनीं समस्याएं

## बाल श्रम उन्मूलन और बालिका सुरक्षा पर हुआ 'सृजन जनसंवाद महासम्मेलन'

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम विरोध दिवस के अवसर पर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के ज्ञान-विज्ञान सभागार में पुलिस मुख्यालय की सामुदायिक पुलिसिंग शाखा एवं भोपाल पुलिस कमिश्नरेट के संयुक्त तत्वावधान में 'सृजन जनसंवाद महासम्मेलन' का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बाल श्रम उन्मूलन, बालिका सुरक्षा, शिक्षा के प्रति जागरूकता और समाज के विभिन्न वर्गों के बीच संवाद स्थापित करना था। कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त संजय कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उप पुलिस महानिरीक्षक विनीत कपूर, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि, विभिन्न सामाजिक



संगठनों के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। महासम्मेलन में आरंभ, उदय, मुस्कान, मीत और बचपन सहित कई सामाजिक संस्थाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम के दौरान भोपाल पुलिस बैंड द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहा, जिसकी उपस्थित लोगों ने सराहना की। स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए डॉ. शालिनी कपूर के मार्गदर्शन में आरकेडीएफ कॉलेज के लगभग 30 चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ की टीम ने बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया।

समापन सत्र में पुलिस आयुक्त संजय कुमार ने छात्राओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। छात्राओं ने पेयजल सहित विभिन्न नागरिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं सामने रखीं। पुलिस आयुक्त ने संबंधित विभागों को इन मुद्दों के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वक्ताओं ने बाल श्रम उन्मूलन, बाल अधिकारों की सुरक्षा तथा संवेदनशील और सुरक्षित समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

# जीरो शैडो डे पर कुछ मिनटों के लिए गायब हुई परछाइयाँ

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी में शनिवार को जीरो शैडो डे का अनोखा खगोलीय नजारा देखने को मिला। अरेरा हिल्स स्थित अटल मूर्ति पार्क में आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर कुछ समय के लिए लोगों और विभिन्न वस्तुओं की परछाइयां लगभग पूरी तरह गायब हो गईं। इस दुर्लभ घटना को देखने के लिए बड़ी संख्या में बच्चे और नागरिक उपस्थित रहे।

नेशनल अवार्ड प्राप्त खगोलविज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को इस वैज्ञानिक घटना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पृथ्वी के अक्षीय झुकाव के कारण वर्ष में दो बार ऐसा समय आता है, जब सूर्य की किरणें किसी स्थान पर लगभग सीधी पड़ती हैं। उस समय खड़ी वस्तुओं की परछाईं उनके ठीक




नीचे सिमट जाती है और कुछ क्षणों के लिए दिखाई नहीं देती। कार्यक्रम के दौरान बेलनाकार पाइप, बोतलों और अन्य वस्तुओं के माध्यम से प्रयोग कर इस घटना को प्रदर्शित किया गया। एक विशेष प्रयोग में पारदर्शी कांच की प्लेट पर रखे गए पाइप से सूर्य की किरणें सीधे आर-पार गुजरती दिखाई दीं और नीचे रखे कागज पर चमकदार प्रकाश बिंदु नजर आया।

### पांडुलिपियों के संरक्षण में जनभागीदारी बढ़ाने के निर्देश

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में मठों, मंदिरों, आश्रमों के साथ-साथ अनेक परिवारों और संस्थानों के पास भी प्राचीन पांडुलिपियां सुरक्षित हैं। इन पांडुलिपियों में भारतीय ज्ञान, संस्कृति, विज्ञान, दर्शन और परंपराओं की अमूल्य धरोहर निहित है, जिसे आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। शनिवार को कलेक्टरों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान मुख्यमंत्री ने ज्ञान भारतम् मिशन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्ष 1950 से पूर्व की पांडुलिपियों का डिजिटल संरक्षण किया जा रहा है। मिशन के तहत ताड़पत्र, भोजपत्र, ताम्रपत्र, प्रस्तर लेख और अन्य स्वरूपों में उपलब्ध पांडुलिपियों का दस्तावेजीकरण और संरक्षण किया जाएगा।

# निर्माणाधीन 10 लेन सड़क का कृष्णा गौर ने किया निरीक्षण



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने शनिवार को निर्माणाधीन 10 लेन सड़क परियोजना का औचक निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों और निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों से परियोजना की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा कार्य को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।

राज्यमंत्री ने कहा कि 10 लेन सड़क परियोजना भी इसी विकास अभियान का प्रमुख हिस्सा है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण का कार्य अगस्त 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और इसमें किसी प्रकार की देरी स्वीकार नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में आ रही व्यवस्थागत समस्याओं पर भी चर्चा की गई। राज्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कहा।

उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि कार्य के दौरान आम नागरिकों को यातायात और आवागमन में कम से कम परेशानी हो। राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि वैकल्पिक मार्गों और सुव्यवस्थित ट्रैफिक डायवर्जन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने दोहराया कि जनसुविधा, सुगम यातायात और गुणवत्तापूर्ण निर्माण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं।

# समान नागरिक संहिता पर जनसुझावों के आधार पर बनेगी नीति : डॉ. यादव

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के संबंध में नीति निर्माण जनसामान्य से प्राप्त सुझावों के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बेहतर नीति निर्माण के लिए व्यापक जनभागीदारी आवश्यक है और अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रदेशभर में जागरूकता अभियान चलाया जाए।

शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला कलेक्टरों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि नगरीय क्षेत्रों से लेकर ग्राम स्तर तक नागरिकों को अपने सुझाव देने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने स्कूलों, कॉलेजों, सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों तथा बार काउंसिल जैसे मंचों पर चर्चा सत्र आयोजित करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासकीय अधिकारी और



कर्मचारी भी समान नागरिक संहिता के संबंध में अपने सुझाव प्रस्तुत करें।

मुख्यमंत्री ने बताया कि समान नागरिक संहिता के संबंध में 22 जून तक सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा विशेष वेबसाइट ह्वष्.द्वश्च.द्दश1.द्वठ्ठ शुरू की गई है। इस पोर्टल पर नागरिक सरल प्रक्रिया के माध्यम से अपने सुझाव दर्ज कर सकते हैं। निर्धारित फॉर्म में आवश्यक जानकारी भरने के बाद मोबाइल ओटीपी सत्यापन के जरिए सुझाव जमा किए जा सकते हैं।

डॉ. यादव ने जनप्रतिनिधियों, स्व-सहायता समूहों, महिला मंडलों और सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि व्यापक जनजागरूकता से अधिक लोगों की राय सामने आएगी, जिससे नीति निर्माण प्रक्रिया और अधिक प्रभावी बनेगी। उल्लेखनीय है कि विवाह, विवाह-विच्छेद, भरण-पोषण और उत्तराधिकार जैसे विषयों से संबंधित विभिन्न व्यक्तिगत एवं पारिवारिक कानूनों का अध्ययन कर एक समग्र विधिक ढांचा तैयार करने की दिशा में राज्य सरकार कार्य कर रही है। इसके लिए गठित उच्च स्तरीय समिति प्रदेश के विभिन्न जिलों का भ्रमण कर नागरिकों से सुझाव प्राप्त कर रही है।

# पटेल प्रवाह समिति द्वारा नर्मदापुरम मार्ग पर पर्यावरण गोष्ठी एवं काव्य पाठ आज

**भोपाल ।** पटेल प्रवाह समिति के साहित्यिक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ भोपाल के तत्वावधान में पर्यावरण साहित्य गोष्ठी एवं काव्य पाठ नर्मदापुरम रोड पर कल 14 जून को होगा। अध्यात्म और पर्यावरण संरक्षण विषय पर व्याख्यान उपरांत पर्यावरण विषय पर काव्य पाठ होगा। समिति अध्यक्ष होशियार सिंह पटेल ने बताया कि हिन्दी लेखिका संघ की अध्यक्ष डॉ साधना गंगराड़े मुख्य अतिथि, पद्मश्री नारायण व्यास विशिष्ट अतिथि एवं वरिष्ठ साहित्यकार सुनीता यादव सारस्वत अतिथि होंगी। वरिष्ठ साहित्यकार गोकुल सोनी अध्यक्षता करेंगे।


**वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)
वेकोलि
कोल इस्टेट, सिविल लाईन्स, नागपूर-440001, महाराष्ट्र, भारत. वेबसाईट www.westerncoal.in

**सूचना**

कोल इंडिया लिमिटेड तथा उसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा वस्तुओं, कार्यों और सेवाओं की खरीद हेतु जारी की गई सभी निविदाएं कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in**, संबंधित सहायक कंपनी की वेबसाईट (वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड) **www.westerncoal.in**, CIL ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** तथा सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध है। वस्तुओं और सेवाओं की खरीद (यदि वे GeM पोर्टल पर उपलब्ध है) GeM पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से की जाती है।